छत्तीसगढ़ विधान सभा

पत्रक भाग– दो

रविवार, दिनांक 23 अगस्त, 2020 (भाद्रपद 1, 1942)

विधान सभा का आगामी सत्र 25 से 28 अगस्त, 2020 तक आहूत है। इस दौरान विधान सभा की 4 बैठकें होगी । कोरोना संक्रमण के मद्देनजर माननीय विधायकों से निम्नलिखित बिन्दुओं का पालन सुनिश्चित करने की अपेक्षा है :–

1. मान. मंत्रिगण, मान. संसदीय सचिव एवं मान. सदस्यों के पी.एस.ओ. एवं फालो पायलट वाहन का विधान सभा परिसर में प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।
2. मान. संसदीय सचिव एवं माननीय सदस्यों के निज सचिव/निज सहायकों का प्रवेश विधान सभा परिसर में प्रतिबंधित रहेगा ।
3. मान. मंत्रिगण की निजी स्थापना के अधिकारी/कर्मचारी में से केवल एक व्यक्ति को विधान सभा परिसर में प्रवेश दिया जाएगा और वे मान. मंत्री के कक्ष में ही रहेंगे, इधर–उधर भ्रमण नहीं करेंगे।
4. विधान सभा भवन के मुख्य परिसर (ए–ब्लाक) में केवल मान. मंत्रिगण, मान. संसदीय सचिव एवं मान. सदस्यों को ही प्रवेश दिया जाएगा ।
5. चूंकि आम नागरिकों का विधान सभा परिसर में प्रवेश वर्जित किया गया है, इसलिए अपने साथ किसी अन्य व्यक्ति को न लाए ।
6. सभी मान. सदस्यों से अपेक्षा है कि वे मास्क लगाकर ही विधान सभा में प्रवेश करें।
7. सदन की बैठक प्रारंभ होने के पूर्व मान. सदस्यों का टेम्प्रेचर एवं आक्सीजन लेवल की जॉच की जाएगी, अतः सभी से अनुरोध है कि कृपया पर्याप्त समय पूर्व विधान सभा पहुंचने का कष्ट करें।
8. कोरोना संक्रमण को देखते हुए आसन क्रम में परिवर्तन किया गया है, अतः अपने निर्धारित आसन पर ही बैठें एवं सोशल डिस्टेंसिंग का पालन सुनिश्चित करें ।
9. सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने की दृष्टि से प्रत्येक सीट पर ग्लास का पार्टिशन किया गया है, अतः पर्याप्त सावधानी बरतने की अपेक्षा है ।
10. **सभी सदस्यों हेतु उनके आसन पर फेस शील्ड एवं सेनेटाईजर की बॉटल रखी जाएगी, इसका उपयोग सभा भवन में करना है, सदन से बाहर जाते समय इन्हें आसन पर ही छोड़कर जाए ताकि फेस शील्ड एवं सेनेटाईजर की बॉटल संक्रमण से मुक्त रहें । सत्र की बैठक अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होने के उपरांत ही इन्हें अपने साथ ले जा सकते हैं ।**
11. सभी मान. सदस्य कोरोना संक्रमण के मद्देनजर केन्द्र शासन एवं राज्य शासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें ।
12. पत्रकार दीर्घा में पत्रकारों का प्रवेश वर्जित रखा गया है एवं प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के लिए विधान सभा सचिवालय परिसर स्थित आडिटोरियम में स्क्रीन लगाकर वहॉ विधान सभा की कार्यवाही का प्रसारण किया जाएगा । जो मान. मंत्रिगण/संसदीय सचिव/सदस्य पत्रकारों से चर्चा के इच्छुक हों, वे सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए आडिटोरियम में उनसे चर्चा कर सकते हैं ।

चन्द्र शेखर गंगराड़े
प्रमुख सचिव